राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – जुलाई 2024

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** 1 नवंबर 2023 से परियोजना की संचालन और रखरखाव प्रारंभ हुई। परियोजना को 1,45,343 स्मार्ट मीटर के साथ पूर्ण घोषित किया और मार्च 2024 में NSGM अनुदान की अंतिम किश्त जारी की गई। JVVNL ने स्मार्ट ग्रिड परियोजना के लिए वितरण सुधार समिति (DRC) की अनुमोदन/सिफारिशें प्रस्तुत की।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार सभी स्मार्ट मीटर (24,214) क्षेत्र में स्थापित किए गए। पूर्व-स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 जुलाई 2023 से शुरू हुई। शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटर स्थापना का कार्य संचालन और रखरखाव चरण के अंतर्गत प्रगति पर है।
3. **IIT हैदराबाद:** तीसरे पक्ष अनुप्रयोगों (third party applications) के साथ उपभोक्ता डेटा साझा करने के लिए मानकीकृत तरीके को प्रदर्शित करने के लिए विकसित APIs के साथ JVVNL परियोजना से प्राप्त अनामीकृत उपभोक्ता डेटा का परीक्षण किया गया।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 9 जुलाई 2024 को निदेशक NPMU ने स्मार्ट ग्रिड वेधशाला (भारत) के तीसरी ईयू-भारत उच्च स्तरीय विशेषज्ञ पैनल की बैठक में भाग लिया।
2. 6 जुलाई 2024 को NPMU टीम ने अवर मुख्य सचिव (ऊर्जा), उत्तर प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में नोएडा शहर के लिए स्मार्ट वितरण प्रबंधन प्रणाली पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) पर चर्चा के लिए PVVNL, नोएडा कार्यालय का दौरा किया।
3. AMI में मानकीकरण और इंटरऑपरेबिलिटी के संबंध में कई विचार-विमर्श किए गए। 11 जुलाई 2024 को निदेशक NPMU ने अन्य समिति सदस्यों के साथ CPRI बेंगलुरु में गहन समीक्षा बैठकों में भाग लिया।
4. 23 जुलाई 2024 को सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में AMI में मानकीकरण और इंटरऑपरेबिलिटी के संबंध में गठित समिति ने अपने अवलोकन/रोडमैप प्रस्तुत किए। निदेशक NPMU ने इसमें भाग लिया।
5. 24 जुलाई 2024 को संयुक्त सचिव (वितरण) के साथ NSGM के लिए आगे का मार्ग तय करने के लिये बैठक हुई।
6. जुलाई 2024 तक, विभिन्न स्थानों पर 1.27 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए (नोडल एजेंसियों जैसे PFC और REC से 'EGSM' द्वारा एकत्रित और NSGM वेबसाइट पर विकसित और अनुरक्षित डैशबोर्ड पर होस्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

**sd/-**

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**